तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 21.9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

9 खुशी ने ताइक्वांडो व ध्रुव मलिक ने कुश्ती ...



10 95 एमएम बरसात से शहर और गांवों में ...



### नहीं सुधरे हालात : जिले में बारिश बनी आफत, जनजीवन प्रभावित

# बारिश में तीन मकान ढहे, कई में आई दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मंगलवार रात हुई भारी बारिश ने मोहल्ला कोट में तबाही मचा दी। रात करीब 11 बजे के बाद टीले की मिट्टी खिसकने से तीन मकान पूरी तरह ढह गए, जबकि कई मकानों में दरारें आ गई। अचानक गिरी मिट्टी और ईंटों के मलबे की आवाज इतनी तेज थी कि लोगों को लगा जैसे पहाड़ दरक रहे हों। दहशत के कारण स्थानीय निवासी रात को ही घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सुबह 6:30 बजे नगर निगम मेयर राजीव जैन ने पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, एडवोकेट नक़ीन मेहरा, सतनारायण मेहरा, जोगिंदर और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। आवाज सुनकर समय रहते बाहर निकल आए। जिन परिवारों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, उनमें सुरेश, सुरेंद्र, टिंकू, अनिल और दीपक शामिल हैं।



सोनीपत। मेयर राजीव जैन घटना की जानकारी लेते हुए।

### मेयर ने मदद का आश्वासन दिया

संदीप, मनोज, अजय मोरवाल, रामफल, मुकेश दुग्गल, धर्मवीर दुग्गल, मुन्ना, नागर, श्याम मेहरा, सत्यनारायण, सुरेश पचेरवाल, धर्मवीर खटक, विकी मेहरा, मनोज मेहरा, कृष्णा नागर, शंकर, बॉबी, कमल, हैप्पी और बलदेव के मकानों को भी क्षति पहुंची है। मेयर राजीव जैन ने मौके पर आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को प्रशासन से हरसंभव मदद दिलाई जाएगी।

### टोंकी में खतरा, कई मकानों में भरा पानी



टोंकी में ग्रामीणों के साथ दीपक चौहान।

सोनीपत। यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से टोंकी गांव के लोग खतरे के बीच जीवन बिता रहे हैं। गांव के कई मकानों में पानी भर चुका है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। समाजसेवी दीपक चौहान अटेरना ने बताया कि प्रशासन कई बार गांव का दौरा कर चुका है और अलर्ट भी जारी किया गया है। ग्रामीणों को मकान खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन मजबूरी के कारण लोग अब भी पानी से घिरे घरों में रहने को विवश हैं। दीपक चौहान का कहना है कि लोगों के पास न तो कहीं जाने की जगह है और न ही खाने-पीने की स्थायी व्यवस्था। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी राहत कैंप लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सनातनी करणी सेना संगठन की ओर से हर संभव मदद की जाएगी। अटेरना गांव के राहुल चौहान ने आज मंदिर में भोजन की व्यवस्था करवाई, जिससे ग्रामीणों को थोड़ी राहत मिली है।




### डीसी ने प्रभावित गांवों का दौरा किया

# यमुना के पानी में आई मामूली कमी, कई गांव अभी संकट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

यमुना के उफान ने जिले के कई गांवों को अब भी संकट में डाल रखा है। हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी और हालिया बारिश के चलते नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर पर बना हुआ है, हालांकि पानी में मामूली कमी आई है जिससे कुछ राहत महसूस की जा रही है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में प्रशासन ने बचाव और राहत कार्य तेज कर दिए हैं, वहीं कई गांवों के हालात अब भी गंभीर बने हुए हैं। खासकर टोंकी गांव में कई घरों में पानी घुस चुका है, जिससे ग्रामीणों की जान को खतरा बना हुआ है।



यमुना के तटीय गांवों में पहुंचे अधिकारी।

उपायुक्त सुशील सारवान बुधवार को अधिकारियों के साथ यमुना किनारे बसे असदपुर नांदनौर और आसपास के गांवों का दौरा करने पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों का हालचाल जाना और उन्हें खाद्य सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे समय रहते प्रशासन द्वारा बनाए गए सुरक्षित स्थलों पर चले जाएं।










## खबर संक्षेप

### महिला ने ससुराल वालों पर लगाया मारपीट का आरोप

**गोहाना।** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पति व अन्य स्वजन पर मारपीट का आरोप लगाया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी मां की तबीयत खराब चल रही है। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ मारपीट की। वह बचाव के लिए गली में भागी तो तीनों ने रास्ता रोका और उसे लात-घूसों व डंडों से पीटा।

### सवा माह से लापता किशोर का सुराग नहीं, केस दर्ज

**गोहाना।** शहर से सटे गांव गढ़ी उजाले खां से लगभग सवा माह पहले घर से गए किशोर का सुराग नहीं लगा। उसके पिता ने शहर थाना में शिकायत दी। सुरेश ने पुलिस को बताया कि उसका 15 वर्ष का बेटा रिंकू 26 जुलाई को घर पर बिना किसी को बताए कहीं पर चला गया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

### चोरी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मुरथल पुलिस ने गाड़ी के अंदर से चालक का मोबाइल फोन और पर्स चोरी करने की घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितो के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये नगद भी बरामद किए हैं।

## आईजीएल कंपनी की पाइपलाइन से कनेक्टिविटी कर आपूर्ति बहाल की

# 8 दिनों से बाधित सीएनजी हुई बहाल, लोगों ने ली चैन की सांस

### हजारों वाहन चालकों को राहत, दिल्ली और पानी की दौड़ हुई खत्म

- सीएनजी के लिए पंपों पर लगी रहती थी लंबी कतारें

**बागपत के पास यमुना में क्षतिग्रस्त हो गई थी गेल की पाइपलाइन अधिकारियों ने समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए लगातार प्रयास जारी रखे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में सीएनजी की किल्लत से जूझ रहे वाहन चालकों को आखिरकार बड़ी राहत मिली है। करीब 18 दिनों से बाधित सीएनजी आपूर्ति अब पूरी तरह बहाल कर दी गई है। इसके साथ ही जिले के सभी 28 सीएनजी स्टेशनों पर सामान्य रूप से गैस मिलनी शुरू हो गई है, जिससे लगभग 24 हजार सीएनजी वाहन चालकों ने चैन की सांस ली। लंबे समय से दिल्ली और पानीपत तक गैस भरवाने के लिए हो रही दौड़-भाग अब खत्म हो गई है। गेल गैस लिमिटेड के अधिकारियों ने समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए लगातार प्रयास जारी रखे। अंततः दिल्ली के बवाना के पास से गुजर रही इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) कंपनी की पाइपलाइन से कनेक्टिविटी कर आपूर्ति बहाल की गई। इस तकनीकी समाधान से अब सोनीपत जिले के सभी सीएनजी स्टेशनों पर आपूर्ति सामान्य हो गई है। स्थिति यह हो गई थी कि जिले में सीएनजी स्टेशनों पर कई-कई किलोमीटर लंबी कतारें लग रही थीं, वहीं कई वाहन मालिकों को दिल्ली या पानीपत तक जाकर गैस भरवानी पड़ रही थी।




#### 16 को क्षतिग्रस्त हुई थी लाइन

16 अगस्त को बागपत के पास यमुना नदी में तेज बहाव के कारण गेल (इंडिया) लिमिटेड की गौना-बवाना गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने से पूरे जिले में सीएनजी की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई।

#### शहर में सीनएजी संकट खत्म

कंपनी ने तेजी से काम करते हुए वैकल्पिक लाइन से कनेक्शन स्थापित किया, जिससे जिले में सीएनजी संकट खत्म हुआ। अब आपूर्ति में किसी तरह की रुकावट नहीं आएगी और वाहन मालिकों को गैस भरवाने के लिए शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

*सैकत चक्रवर्ती, प्रवक्ता, गेल गैस लिमिटेड, नोएडा।*

#### वाहनों को असुविधा का सामना करना पड़ा

गेल गैस लिमिटेड ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक स्रोतों से घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को पीएनजी (पाइप्ड नैचुरल गैस) की आपूर्ति तो जारी रखी, लेकिन सीमित दबाव और कम उपलब्धता के कारण सीएनजी स्टेशनों पर केवल कुछ घंटों के लिए ही आपूर्ति हो पा रही थी। इस दौरान वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय वाहन मालिकों और ऑटो चालकों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि पिछले दिनों गैस की कमी के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा था। अब आपूर्ति बहाल होने से उनकी रोजमर्रा की परेशानी दूर हो गई है।



राई। भाजपा जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल यमुना में आए पानी को लेकर किसानों से बातचीत करते हुए।

### मंडलाध्यक्ष ने यमुना के साथ लगते गांवों का दौरा कर जायजा लिया

**राई।** हथिनीकुट बैराज में यमुना में पानी छोड़े जाने के बाद किसानों की फसल डूबने से हुए नुकसान का जायजा लेने भाजपा जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल पहुंचे। शेखर आंतिल ने बुधवार को यमुना तट के साथ लगते गांव जाजल, मनोली आदि में पहुंचकर किसानों से बातचीत की। भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री व हलका विधायक लगातार किसानों की समस्याओं का समाधान करने के साथ मौका मुआयना कर रहे है। आंतिल ने कहा कि प्रदेश सरकार यमुना में आए पानी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को मुआवजा देगी। उसके लिए यमुना का पानी उतरने के बाद किसानों को पोर्टल पर अपना आवेदन करना होगा। इस मौके पर उनके साथ योगेश राजपुत जाजल, बलराम कौशिक जाजल, सुनील खेवड़ा, मनीष खेवड़ा आदि गणमान्य लोग साथ थे।



राई। ओम शांति शिक्षा सदन में कार्यशाला में भाग लेते स्कूल के छात्र।

### ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय नाथुपुर में कार्यशाला का किया आयोजन

**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय नाथुपुर में आज के युग में सशक्त, गतिशील इच्छाशक्ति को विकसित करने पर कार्यशाला हुई। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने कुछ महत्वपूर्ण इच्छाशक्ति टिप्पणी सशक्त गतिशील इच्छा शक्ति के विषय पर प्रस्तुत की। संदीप चौधरी ने बच्चों के आत्मविश्वास, मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक सोच को विकास कराने पर समझाया कि किस प्रकार से बच्चों की इच्छाशक्ति को मजबूत करने के लिए अनेक गतिविधियों के द्वारा बच्चों में उत्साह को बढ़ाया जा सकता है। ऐसी कार्यशाला के द्वारा बच्चों की आत्मशक्ति को जागृत करती है। कार्यशाला में स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।

## देश प्रेम, सेना के दायित्व के लिए बेटियां मजबूती से आगे बढ़ें : कर्नल

- एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनूप रावत का भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जी टी रोड स्थित जैन कन्या कालेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सोनीपत एन.सी.सी बटालियन 12 के कमांडिंग ऑफिसर अनूप रावत ने शिरकत की। कॉलेज पहुंचने पर अनूप रावत का प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने पुष्प गुच्छ व छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर स्वागत किया। कार्यक्रम कॉलेज की एन. एस. एस, यूथ रेड क्रॉस, इको क्लब व रोट्रेक्ट क्लब ईकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मंच संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर निशा ने किया। कर्नल रावत ने कहा कि देश प्रेम, सेना के दायित्व के लिए बेटियां मजबूती से आगे बढ़ें। कॉलेज प्राचार्य ने अनूप रावत से कॉलेज में एन सी सी यूनिट आरम्भ की प्राचार्य ने मांग की। इस मौके पर जैन स्कूल की वाईस प्रिंसिपल शालिनी जैन, स्कूल एनसीसी अधिकारी जोनम त्यागी व कॉलेज स्टाफ मौजूद था।




गन्नौर। प्राचार्य डा. मनोज कमांडिंग ऑफिसर अनूप रावत का स्वागत करते हुए।

## बुजुर्ग के प्लाट को कब्जा रहे दबंग एसडीएम कार्यालय में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गोपालपुर गांव के बुजुर्ग राज सिंह ने खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय खरखौदा में शिकायत दी है कि गांव में उसकी 400 वर्ग गज जमीन है, जो की लाल डोरे के अंदर है। जिस पर गांव का एक व्यक्ति उसकी जमीन पर कब्जा कर रहा है। इस बारे में उन्होंने कई बार खंड विकास कार्यालय एवं प्रशासन को दी है लेकिन अभी तक उसका कोई समाधान नहीं हुआ है। उनका कहना है कि बीडीपीओ द्वारा कई बार पैमाइश भी कराई गई है लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है। उनकी मांग है कि जल्दी से जल्दी उनका कब्जा दिलवाया जाए और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उसने रिकॉर्ड के मुताबिक 5 फुट की गली को छोड़कर बैरिकेडिंग की हुई थीं। आरोपियों ने उसकी बैरिकेडिंग भी तोड़ दी है और उसके प्लांट पर कब्जा कर रहा है। विवश होकर पीड़ित ने अब एसडीएम कार्यालय में शिकायत दी है।



एसडीएम कार्यालय में शिकायत देने जाता बुजुर्ग राज सिंह।

## मुख्यमंत्री निरंतर कर रहे जलभराव से प्रभावित गांवों की समीक्षा : नांगल

- पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने किया यमुना के साथ लगते गांवो का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने बुधवार को यमुना के पानी से प्रभावित गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उन्हें सरकार से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। चेयरमैन कुलदीप नांगल ने कहा कि मुख्यमंत्री निरंतर बाढ़ जैसी त्रासदी से प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा कर रहे हैं और प्रशासन को हर स्तर पर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।



राई। पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने किया यमुना के साथ लगते गांवों का दौरा करते हुए।

#### जलभराव से फसलों को हुआ नुकसान

कुलदीप नांगल ने बताया कि राई क्षेत्र के कई गांवों में पिछले एक माह से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण पशुओं के लिए हरे चारे की भारी कमी हो गई है। खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो रही हैं जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भाजपा नेता ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल क्षति का ब्यौरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज कराएं ताकि उन्हें समय पर मुआवजा मिल सके।



सोनीपत। जिला स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।

### एमपीएचई एसो. का शिष्टमंडल सिविल सर्जन से मिला, मांगों के समाधान का मिला आश्वासन

**सोनीपत।** एमपीएचई एसोसिएशन सोनीपत का एक शिष्टमंडल मंगलवार को जिला प्रधान महेश राठी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना से उनके कार्यालय में मिला। इस दौरान शिष्टमंडल ने सिविल सर्जन को मेमेंटो भेंट किया और कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से कई प्रमुख मुद्दे उठाए। इनमें प्रमुख रूप से जुलाई और अगस्त माह का वाशिंग अलाउंस बिना पूर्व सूचना के सैलरी से काटे जाने का मामला शामिल रहा। जिला प्रधान महेश राठी ने मांग की कि इसे अति शीघ्र बहाल किया जाए, ताकि कर्मचारियों को राहत मिल सके। वहीं इसके अलावा वर्ष 2020 से 2023 तक की एलटीसी (लीव ट्रैवल कंसेशन) जो अभी तक कई कर्मचारियों को नहीं मिली है, उसे जल्द जारी करने की भी मांग की गई। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी की ओर से राजकुमार (एचआई), रंजीव राणा (चेयरमैन), उप प्रधान संदीप शर्मा, बढ़खालसा प्रधान विकास तुषीर और सरोज मौजूद रहे।

## एचटी लाइन से प्रभावित किसानों को मिले मुआवजा, कमेटी गठित करने की मांग

### उपायुक्त से मिला भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के प्रतिनिधियों ने डीसी सुशील सारवान से मुलाकात कर एचटी लाइन से प्रभावित किसानों के लिए मुआवजा पॉलिसी के प्रावधानों के तहत मार्केट रेट कमेटी गठित करने की मांग उठाई। बैठक में बताया गया कि पिछले दिनों नाहरा गांव में एचटी लाइन के बड़े खंभों से हुए नुकसान की भरपाई को लेकर किसानों ने मोर्चा के नेतृत्व में आंदोलन किया था। इस संघर्ष के परिणामस्वरूप 27 जनवरी को केंद्र के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से किसानों की बैठक हुई, जिसमें आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा पॉलिसी लागू करने पर चर्चा हुई। इसके बाद 2 फरवरी को औचंदी बार्डर दिल्ली में किसान महापंचायत हुई, जिसमें मंत्री ने किसानों को आश्वस्त किया। 21 मार्च 2025 को केंद्र सरकार ने मुआवजा पॉलिसी लागू की और 2 जून 2025 को हरियाणा में यह नीति लागू की गई।



सोनीपत। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए मोर्चा के प्रतिनिधि।

#### डीसी ने जारी किए आदेश

आज की बैठक में किसानों ने मांग की कि मार्केट रेट कमेटी जल्द गठित कर प्रभावित किसानों को वास्तविक बाजार दर के अनुसार मुआवजा दिया जाए। डीसी सुशील सारवान ने एसडीएम निर्मल नागर को तुरंत दिशा-निर्देश जारी करते हुए बिना विलंब मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए। एसडीएम निर्मल नागर ने इस मामले का संज्ञान लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि किसी भ्रम में न आएं और सीधे संगठन से संपर्क करें। यह पॉलिसी किसानों के आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए पर्याप्त है।



सोनीपत। आमरण अनशन पर बैठे राजेश गोस्वामी साथ में अन्य कर्मचारी।

### दूसरे दिन भी जारी रहा आमरण अनशन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, मुरथल में मैस कर्मचारी यूनियन के सचिव राजेश गोस्वामी को ड्यूटी पर बहाल करने की मांग को लेकर आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा और सर्व कर्मचारी संघ जिला सोनीपत के प्रधान देशराज नैन ने चेतावनी दी कि यदि राजेश गोस्वामी को तुरंत बहाल नहीं किया गया तो सीटू और सर्व कर्मचारी संघ आंदोलन का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने कहा कि यदि राजेश गोस्वामी के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी कुलपति और चीफ वार्डन की होगी। इस मौके पर आल हरियाणा पावर कारपोरेशन के नेता बिजेंद्र कादयान, नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजा भाई और फायर ब्रिगेड कर्मचारी संघ हरियाणा के नेता राजीव खत्री ने भी धरने को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैस कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी मैस कर्मचारियों को पक्का करने, कौशल योजना में शामिल करने और बदले की भावना से काम बंद करने की मांग उठाई।

### नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले के थाना बहालगढ़ पुलिस ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुरेंद्र निवासी जिला मधुबनी, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, 1 सितंबर को थाना क्षेत्र में रहने वाली जिला नवादा, बिहार निवासी महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 31 अगस्त की रात करीब एक बजे वह अपने परिवार के साथ घर में सो रही थी। उसी दौरान उनकी नाबालिग बेटी के साथ कंपनी में काम करने के लिए आए आरोपित सुरेंद्र ने गलत काम करने का प्रयास किया।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और पोक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**निरीक्षण** कांग्रेस जिलाध्यक्षों, पूर्व विधायकों व वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने यमुना किनारे बसे गांवों का किया दौरा

# यमुना में बाढ़ बचाव के प्रबंध हो तो किसानों को नहीं उठाना पड़ेगा नुकसान : कमल दिवान

### किसानों की फसलों को हुए नुकसान के बारे में लोगों से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया ने बुधवार को पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया व अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ मीमारपुर घाट, मेहंदीपुर, बड़ौली, जाजल सहित दर्जनभर से अधिक गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यमुना के बढ़ते जलस्तर से किसानों की फसलों को हुए नुकसान के बारे में ग्रामीण से चर्चा की। इसके साथ ही ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस मुश्किल की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार ग्रामीणों के साथ है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि यमुना में जिन किसानों की फसल खराब हो गई है या बह गई है, उन्हें एक लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवाज दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार अगर वास्तव में यमुना में बाढ़ से बचाव के प्रबंध करे तो किसानों और ग्रामीणों को नुकसान न उठाना पड़े।



सोनीपत। यमुना किनारे पहुंचें कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार एवं अन्य।

#### जलस्तर से समय रहते बचाव प्रबंध करें सरकार

जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि सरकार को समय रहते बढ़ते जलस्तर के बचाव का प्रबंध करना चाहिए था, ताकि किसानों की मेहनत पर पानी न फिरे। अब जब नुकसान हो गया है तो सरकार किसानों को मुआवजा दे। हर साल पहाड़ों में वर्षा होने पर यमुना का जलस्तर बढ़ जाता है। प्रशासन के अधिकारी सिर्फ कागजों में ही यमुना में बाढ़ से बचाव के प्रबंध करते रहते हैं, ग्रामीण कह रहे हैं यमुना बांध की मरम्मत तक नहीं की जाती। ग्रामीण आपसी सहयोगी से मरम्मत कराते हैं। हर साल की समस्या का सरकार की ओर कोई समाधान नहीं किया जाता। इस दौरान जयभगवान दीपालपुर, जयवीर आंतिल, रणजीत कौशिक, सरपंच बिजेंद्र जाजी, सादिक सरपंच, वसीम खान, सलीम, सोनू भारद्वाज, अजीत आंतिल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

#### ग्रामीण मायूस हैं, बर्बाद हो रही हैं फसल : पंवार



सोनीपत। यमुना के पास ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार एवं अन्य।

इस दौरान पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने भी कहा कि प्रतिवर्ष किसानों को अपनी सालभर की मेहतन से वंचित रहना पड़ता है। यदि सरकार समय रहते बाढ़ संभावित इलाकों का दौरा कर पुख्ता इंतजाम कर दे, तो किसानों को हरी-भरी फसल से हाथ न धोना पडे और न ही ग्रामीणों को नुकसान झेलना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिवर्ष उन्हें बढ़ते जलस्तर से नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते जलस्तर की वजह से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सरकार को उनकी तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी ने किसानों को आश्वास्त किया कि इस संकट की घड़ी में वह किसानों व ग्रामीणों के साथ खड़े है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बाढ़ संभावित इलाकों में अधिकारी 24 घंटे मुस्तैद रहे, ताकि किसी भी बड़ी अनहोनी को समय से पहले टाला जा सकें।



### पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए खाद्य सामग्री भेजी

**गोहाना।** पंजाब में भयंकर बाढ़ से मची तबाही को देखते हुए गांव गंगेसर के ग्रामीणों ने पीड़ितों के लिए खाद्य सामग्री एकत्रित करके भेजी। ग्रामीणों ने एक ट्राली खाद्य सामग्री के अलावा नकदी भी भेजी। तेज बारिश से पंजाब के कई क्षेत्रों में बाढ़ आई हुई है। हजारों परिवारों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ा। बाढ़ से लोगों की फसलें नष्ट हो गई और पशु भी बर्बाद हो गया। काफी लोगों के घर भी ढ़ह गए। ग्रामीणों ने बाढ़ पीड़ितों के लिए दाल, अनाज व तेल आदि खाद्य सामग्री में 100 क्विंटल गेहूं और 54 हजार रुपये चंदा बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्रित किया।

**सूचना**

मैं, हरिओम पुत्र श्री सतीश निवासी ग्राम मोहाना, तहसील व जिला सोनीपत, हरियाणा-131001 बयान करता हूं कि In my 10th Class Marksheet my name is Hariom and Father name is Satish Kumar and Mother name is Kiran Devi है जबकि In my Birth Certificate my name is Hari om and Father name is Satish and Mother name is Kiran है। Education Department records my name is Hari om and Father name is Satish and Mother name is Kiran संसोधन करवाना चाहता हूं इसमे कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेवार रहूंगा।

# खुशी ने ताइक्वांडो व ध्रुव मलिक ने कुश्ती मुकाबले में जीता स्वर्ण पदक

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में पदक विजेताओं का किया स्वागत

- अंडर-12 क्रिकेट मुकाबले में नक्श ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को खिताबी जीत दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के पदक विजेता खिलाड़ी प्राचार्या गीता चोपड़ा व खेल इंचार्ज संजीत के साथ।

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की छात्रा खुशी ने ताइक्वांडो व छात्र ध्रुव मलिक ने जिला स्कूली खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कुश्ती मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ताइक्वांडो खिलाड़ी कार्तिक ने ब्लॉक स्तरीय मुकाबले में रजत पदक हासिल किया, जबकि चिराग ने ताइक्वांडो के ओपन टूर्नामेंट में स्वर्णिम सफलता हासिल की।

वहीं, चंडीगढ़ में आयोजित अंडर-12 क्रिकेट मुकाबले में नक्श ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को खिताबी जीत दिलाई। स्कूल में इन सभी खिलाडियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने इन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी आदि मौजूद रहे।



खरखौदा। प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर दिखाती छात्राएं।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नैंसी ने मारी बाजी

**खरखौदा।** उद्यमिता पखवाड़े के अंतर्गत प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के नेतृत्व तथा डॉ दिनेश, एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय पिपली के दिशा निर्देशन में कन्या महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 20 छात्राओं ने विभिन्न विषयों स्वदेशी वस्तुओं का अधिकतम प्रयोग करना, आत्मनिर्भर भारत बनाना, महिला उद्यमिता का महत्व इत्यादि विषयों पर स्लोगन तथा पोस्टर्स द्वारा अपने विचारों को व्यक्त किया। डॉ दिनेश ने छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर तथा स्लोगन की सराहना की। डॉ. सीमांत, मधुलता तथा डॉ. विजयदीप ने निर्णायक मंडल के रूप में कार्य किया। डॉ. प्रमिला, डॉ. नमिता, डॉ. शालिनी तथा डॉ. रमेश के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में नैंसी ने प्रथम, सलोनी ने द्वितीय तथा अपेक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय, दीक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा टला

- युवक ने यात्री की जान बचाई, एसी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को बड़ा हादसा होने से टल गया। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के गांव चितरंजनपुर निवासी फकीरा गलती से पश्चिम एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ गया। ट्रेन चलने के बाद उतरने की कोशिश में उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे आने ही वाला था, तभी मौके पर मौजूद एक युवक ने फुर्ती दिखाते हुए उसकी जान बचा ली। युवक की पहचान आर्य नगर निवासी शंकर, जो अपनी माता को ट्रेन में बैठाने के लिए स्टेशन पर आया था, ने बिना समय गंवाए फकीरा को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उसकी साहसिकता और त्वरित कार्रवाई के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक, रेलवेज, अंबाला कैंट ने शंकर के कार्य की सराहना की और तत्काल उसे 5000 रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की। निरीक्षक विजयपाल, प्रभारी थाना, राजकीय रेलवे पुलिस, सोनीपत ने बताया कि शंकर की बहादुरी काबिले तारीफ है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ट्रेन में चढ़ते या उतरते समय सावधानी बरतें और चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश न करें। इस घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और रेलवे स्टाफ ने भी शंकर के साहस की सराहना की।



सोनीपत। युवक का ईनाम राशि देते।

### गलतियों से सीखें और जीवन में आगे बढ़ें

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल छात्राओं को संबोधित करते कहा कि वे उज्जवल और सफल भविष्य के लिए सपने जरूर देखें। अपनी गलतियों से हमेशा सीखें और जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कभी हार न मानें। छात्राओं को संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराया और उन्हें आत्मनिर्भर होने में चुनौतियों से सीखने के लिए प्रेरित किया। चीफ वार्डन प्रो. शालिनी ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं से छात्राओं को अवगत कराया। डा. बीसीआर्य ने आयुर्वेदिक संस्थान में छात्राओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा लाभों के बारे में बताया।

### छात्राओं को उद्यमिता के विषय में किया जागरूक




सोनीपत। सेमिनार के दौरान कॉलेज स्टाफ एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. राजरूप चहल। फोटो :हरिभूमि

सोनीपत। टीकाराम कन्या महाविद्यालय में उद्यमिता दिवस कार्यक्रम उद्यमिता पखवाड़े के तहत वाणिज्य विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय उद्यमिता विकास रहा। सेमिनार में मुख्य वक्ता की भूमिका प्रो. राज रूप चहल (सीआरए कॉलेज) ने निभाई। शुभ आरंभ कॉलेज प्राचार्या गीता द्वारा किया गया। सेमिनार में बीकॉम, एमकॉम, बीए अर्थशास्त्र विभाग की छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता प्रो. राजरूप चहल द्वारा छात्राओं को उद्यमिता से संबंधित विषयों पर जानकारी दी। उधमिता पखवाड़े कार्यक्रम में समन्वयक की भूमिका डॉ. निशा ने निभाई। इस मौके पर प्राध्यपिकाएं कंचन, डॉ. सविता, डॉ. हेमलता, कंचन, सुमन, सीमा, मीनाक्षी, मनीषा मौजूद रहे।

### झेरे जैसा गड्ढा गढ़ी सिसाना वासियों के लिए बना आफत

**खरखौदा।** प्राकृतिक मार के चलते गांव गढ़ी सिसाना में एक मकान के पास चौड़ा व गहरा गड्ढा बन गया है। जिसके कारण रामचन्द्र, राजबीर, संदीप आदि के मकानों में दरारें आने से उन्हें क्षति पहुंची है। सुरक्षा की दृष्टि से लोगों ने मकानों को खाली कर दिया हैं। पेयजल लाइन के रिसाव व लगातार हो रही बारिश के कारण गड्ढा और गहरा होता जा रहा है। प्रभावित ग्रामीणों ने मिट्टी डालकर भरने का प्रयास किया, लेकिन मिट्टी भी नीचे धंस गई। प्रभावित परिवारों ने एसडीएम से समस्या का स्थायी समाधान व आर्थिक सहायता की मांग की है। इधर, खरखौदा शहर के थाना कलां मार्ग स्थित 70 फुट गली में एक दुकान के ऊपर बने कमरे की बीती रात बारिश के कारण छत गिर गई है। दुकानदार भगत सिंह ने भी प्रशासन से आर्थिक मदद करने की गुहार लगाई है।



खरखौदा। क्षतिग्रस्त मकानों में दिखाई दे रही दरार।









# 95 एमएम बरसात से शहर और गांवों में जलभराव, लोग परेशान

*लगातार बारिश से न केवल सड़कों और गलियों में जलभराव हो गया बल्कि कई घरों के भीतर भी पानी घुस आया। देर रात तक लोग बाल्टियों और मोटरों की मदद से अपने घरों से पानी निकालते नजर आए।*

नपा कार्यालय में पानी घुसने से रोकने के लिए मुख्य द्वार की चिनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

सोमवार को हुई 97 एमएम बरसात ने शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। लगातार बारिश से न केवल सड़कों और गलियों में जलभराव हो गया बल्कि कई घरों के भीतर भी पानी घुस आया। देर रात तक लोग बाल्टियों और मोटरों की मदद से अपने घरों से पानी निकालते नजर आए। बरसात की तेज धार से लोगों के घरेलू सामान भी खराब हो गए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कम नहीं रही। खेतों और चौपालों के साथ-साथ घरों के आंगनों में पानी भर गया। कई जगहों पर मकान क्षतिग्रस्त हो गए तो कहीं दीवारें गिर गईं। बारिश के कारण लेंटर और छतों से पानी टपकने लगा, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के बादशाही रोड स्थित लायंस कम्युनिटी केंद्र की दीवार भी बारिश की वजह से गिर गई।





**गन्नौर।** लायंस कम्यूनिटी केंद्र के कार्यालय में भरा बरसात का पानी। राजलू गढ़ी के पास अंडरपास में भरे पानी से निकलते वाहन।



## मुख्यद्वार पर बनाई दीवार

उधर नगरपालिका कार्यालय में भी देर रात बरसात के कारण पानी भर गया। जिसके बाद वहां मुख्य द्वार पर ईंटो की चिनाई कर उसे और उठाया जा रहा है, ताकि पानी दोबारा कार्यालय में न घुसे। लोगों का कहना है कि बरसात के समय नालों और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई ठीक से न होने के कारण पानी निकासी में दिक्कत आती है। परिणामस्वरूप गलियों और घरों में पानी भर जाता है।

## फाटक पार पांची रोड धंसा

बरसात के कारण पांची रोड भी धंस गया। नगरपालिका द्वारा यहां एनपी 2 पाइपलाइन बिछाई गई थी। मंगलवार को हुई बरसात की वजह से यह सड़क धंस गई। सड़क से गुजर रहा ईंटो से भरा ट्रैक्टर भी सड़क में धस कर फस गया। वहीं शहर का रेलवे रोड, बादशाही रोड, कन्या स्कूल रोड भी बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हो गए। यहां कई जगहों पर बजरियां उखड़ कर गड्ढे हो गए हैं।स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य पर सवाल भी उठाए हैं।

## यमुना के जलस्तर को देखते हुए एडीसी सरीन ने किया बेगा पॉइंट का दौरा



**गन्नौर।** ताजेवाला हैड से यमुना में पानी छोड़े जाने के बाद पानी के बेगा में पहुंचने पर बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन व एसडीएम प्रवेश कादियान ने बुधवार को यमुना नदी के जलस्तर को देखते हुए बेगा पॉइंट का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने यमुना घाट पर ग्रामीणों से बातचीत की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों व पशुओं को यमुना तट की तरफ न जाने दे। ताकि किसी घटना से बचा जा सके। उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, जिला प्रशासन हर परिस्थिति में ग्रामीणों के साथ खड़ा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तटीय गांवों में पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं और पशुधन सुरक्षा जैसी सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग तैयार हैं।

## लगातार बारिश से बिजली व्यवस्था चरमराई, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र प्रभावित



**गन्नौर।** गिरा बिजली पोल।

गन्नौर। मंगलवार की दोपहर 3 बजे से शाम 9 बजे तक हुई लगातार तेज बरसात ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। ग्रामीण सब डिवीजन में करीब 120 पोल और 35 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे लगभग 70 लाख रुपये का नुकसान आंका गया है। वहीं शहर में भी 10 पोल और 5 ट्रांसफार्मर खराब होने से 3 लाख 50 हजार का नुकसान हुआ। बीएसटी के पास अंडरग्राउंड केबल बाक्स फटने से मंगलवार शाम करीब 4 बजे शहर की कई कालोनियों और बाजारों में बिजली गुल हो गई। निगम की टीम को बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे फाल्ट मिला, जिसके बाद ही शहर में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। लोगों ने लगभग 22 घंटे की परेशानी के बाद राहत की सांस ली।







SWAN MOTORS PVT. LTD.

| SONIPAT | GOHANA | KUNDLI | GANNAUR |
|---|---|---|---|
| Rohtak Road, Near Railway Overbridge, Mob.: 80599-74777 | Opposite Hotel Green, Rohtak Road, Mob.: 92125-17772 | Main GT Road, Near Bank of Baroda, Mob.: 92153-17773 | Near Jain Girls College, G.T. Road, Mob.: 92551-77443 |